**पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 07 अभियुक्त गिरफ्तार।**

**दिनांक– 10.11.2023**

**दिनांक 09/10.11.2023 को रात्रि थाना मड़ियांव 01, माल 01, सुशान्त गोल्फ सिटी 05 अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वांछित में कुल 07 अभियुक्त गिरफ्तार।**

**भा0द0वि0**

**थाना जानकीपुरम**–दिनांक 10.11.2023 को थाना जानकीपुरम द्वारा बताया गया कि वादी ज्वाला प्रसाद मिश्रा पुत्र श्रीराम सुख मिश्रा निवासी–प्लाट नं0 7ए थाना जानकीपुरम, लखनऊ ने थाना जानकीपुरम पर सूचना दिया कि वादी प्रतिदिन की तरह अपने उक्त घर का दरवाजा बंद करके सो गया था अजा दिनांक 09.11.2023 को वादी जब सोकर उठा तो देखा कि वादी के उक्त घर से अज्ञात चोर द्वारा लेनोवा कम्पनी का लैपटाप व बैग मय चार्जर उसमें रखे मूल दस्तावेज, एटीएम कार्ड, नोकिया कम्पनी का एक अदद मोबाइल फोन व वादी की पत्नी का पर्स व उसमें रखे 2,000/–रूपये नगद व अन्य सामान को चोरी कर लिया गया है। कालोनी में लगे सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर एक अज्ञात चोर वादी के घर में घुसता हुया दिखायी दे रहा है। **इस सूचना पर थाना जानकीपुरम पर मु0अ0सं0 284/2023 धारा 380 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

**थाना आशियाना**–दिनांक 10.11.2023 को थाना आशियाना द्वारा बताया गया कि वादिनी श्रीमती संगीता परिहार पत्नी श्री चेतन साहू निवासी–386/194 डालमंडी चौराहा थाना सआदतगंज लखनऊ ने थाना आशियाना पर सूचना दिया कि दिनांक 09.11.2023 को समय करीब 03.00 बजे दिन में वादिनी अपने से ऑफिस से पावर हाउस चौराहा से आलमबाग के लिए आटो में बैठी थी। इस दौरान रास्ते मे वादिनी के गले का मंगलसूत्र चोरी हो गया, जब वादिनी को पता चला तो वादिनी घबरा गयी। **इस सूचना पर थाना आशियाना पर मु0अ0सं0 468/2023 धारा 379 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

**थाना गोसाईगंज**–दिनांक 10.11.2023 को थाना गोसाईगंज द्वारा बताया गया कि श्री सूरज रावत पुत्र राजाराम निवासी–सहजादपुर मजरा महमूदपुर थाना गोसाईगंज लखनऊ ने थाना गोसाईगंज पर सूचना दिया कि उसके सगे बड़े भाई अशोक कुमार उम्र करीब 35 वर्ष अपनी शादी के बाद से अपनी ससुराल ग्राम विरूहा पो0–कासिमपुर थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ में अपनी पत्नी फूलमती पुत्र श्री राम व बच्चों के साथ रहते थे। दिनांक 09.11.2023 को उसके बड़े भाई की सास ने जरिये फोन उसे बताया कि उसके बड़े भाई अशोक उपरोक्त फांसी के फंदे से लटके हुये हैं। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री राजेश सिंह मो0नं0 9984651010 थाना गोसाईगंज द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बतायाग कि दिनांक 09/10.11.2023 की रात्रि को अशोक उपरोक्त ने अपनी ससुराल में अपने कमरे की कुण्डी अन्दर से बन्द कर कमरे की छत में लगे पंखे से साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। मृतक के 03 बच्चे हैं। मृतक मजदूरी करता था।

**थाना गोसाईगंज**–दिनांक 10.11.2023 को थाना गोसाईगंज द्वारा बताया गया कि श्री प्रमोद कुमार वाजपेयी पुत्र स्व0 काशी प्रसाद वाजपेयी निवासी–ग्राम महुँरा कला थाना गोसाइगंज लखनऊ ने थाना गोसाईगंज पर सूचना दिया उसके मोबाइल फोन पर ग्राम प्रधान महुंरा कला ने फोन करके बताया गया कि उसके लड़के अजय वाजपेयी का शव बेगरियाकला के बाग में पड़ा हुआ है। इस सूचना पर एस0आई0 श्री राजेश सिंह **मो0नं0 9984651010 थाना गोसाईगंज द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। जिनके द्वारा बताया गया कि अजय वाजपेयी उपरोक्त का शव ग्राम बेगरिया के बाहर पगडंडी रास्ते पर पड़ा हुआ मिला है। शव पर कोई जाहिरा चोट निशान नहीं है। प्रथमदृष्टया मृतक व्यक्ति नशे का आदी लग रहा है।**